भारत सरकार **लोक सभा**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं.23**
वाणिज्य विभाग

दिनांक 7 दिसंबर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

मिर्च का उत्पादन और निर्यात

23. श्री श्रीधर कोटागिरी :

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों में मिर्च का कुल उत्पादन और निर्यात कितना रहा;
(ख) क्या सरकार का विचार शीर्ष मिर्च उत्पादक और निर्यातक के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करने के लिए एक अलग मिर्च बोर्ड का गठन करने का है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(घ) क्या सरकार ने मिर्च उद्योग की समस्याओं के समाधान के लिए कोई प्रयास किया है; और
(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

उत्तर
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) : विगत तीन वर्षों में मिर्च का कुल उत्पादन और निर्यात नीचे दिया गया है:

भारत से मिर्च का निर्यात और उत्पादन			
	निर्यात		**उत्पादन**
वर्ष	**मात्रा (एमटी)**	**मूल्य (लाख रुपये)**	**मात्रा (एमटी)**
2018-19	468500	541117.50	1515560
2019-20	496000	671039.53	1841800
2020-21	649815	924126.56	2049213
2021-22 (अनु.)	557168	858188.59	1866108
स्रोत (उत्पादन): राज्य कृषि / बागवानी विभाग/डीएएसडी कोझिकोड			
(अनु.): अनुमान;			
स्रोत: (निर्यात: डीजीसीआई एंड एस, कलकत्ता/शिपिंग बिल/निर्यातक रिटर्न।			

(ख) और (ग): मिर्च के उत्पादन, अनुसंधान, विकास और घरेलू विपणन का अधिदेश केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में निहित है। स्पाइसेस बोर्ड को मिर्च सहित मसालों के निर्यात को बढ़ावा देने का अधिदेश है । इसके तहत, स्पाइसेस बोर्ड फसल कटाई के बाद सुधार, बाजार लिंकेज बनाने और मिर्च सहित मसालों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए गतिविधियां कर रहा है । वर्तमान में, मिर्च के उत्पादन, गुणवत्ता प्रबंधन और निर्यात प्रोत्साहन के पहलुओं को केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय और मसाला बोर्ड द्वारा कवर किया जाता है।

(घ) और (ङ): स्पाइस बोर्ड की योजना 'मसालों का निर्यात संवर्धन और गुणवत्ता सुधार तथा इलायची अनुसंधान और विकास की एकीकृत स्कीम' शीर्षक वाली योजना के निर्यात विकास और संवर्धन घटक का उद्देश्य मिर्च सहित मसालों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बढ़ावा देना, अवसंरचना विकास, मूल्यवर्धन, व्यापार संवर्धन आदि के लिए निर्यातकों को सहायता देना है। इसके अलावा, भारत सरकार, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के माध्यम से एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) के तहत संबंधित राज्य बागवानी मिशनों (एसएचएम) के जरिए देश में मिर्च के विकास के लिए विभिन्न विकास कार्यक्रमों को कार्यान्वित करती है। इन मिशन कार्यक्रमों का उद्देश्य घरेलू और निर्यात बाजार में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उत्पाद के उत्पादन, उत्पादकता और गुणवत्ता में वृद्धि करना है।

इसके अलावा, मसाला बोर्ड द्वारा मिर्च उद्योग को सहायता देने के लिए कई अन्य उपाय किए गए हैं जैसे मिर्च सहित मसालों के प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और भंडारण के लिए मसाला पार्कों की स्थापना ; मिर्च कार्य बल समिति का गठन ; गुणवत्ता सुधार और उद्यमशीलता विकास के उद्देश्य से मिर्च के हितधारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना; आयातक देशों के गुणवत्ता विनिर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता आकलन प्रयोगशालाओं के माध्यम से मिर्च के निर्यात खेपों का गुणवत्ता मूल्यांकन।

***